चौ० चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
Ch. Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : परीक्षा/डी0आर0/8886
दिनांक : 06.06.2024

# विज्ञप्ति

विश्वविद्यालय विद्वत परिषद् की बैठक दिनांक 29.05.2024 के मद संख्या-3 में यह निर्णय लिया गया है कि ऐसा कोई भी छात्र जो अपने पाठ्यक्रम के प्रथम सेमेस्टर/प्रथम वर्ष का परीक्षा फार्म भरकर महाविद्यालय/विभाग से सत्यापित नहीं कराता है, का उस पाठ्यक्रम हेतु प्रवेश निरस्त माना जायेगा।"

उक्त निर्णय के आलोक में समस्त महाविद्यालयों/विश्वविद्यालय परिसर के विभागों से अनुरोध है कि समस्त पाठ्यक्रमों में प्रविष्ट होने वाले छात्रों को अपने प्रथम सेमेस्टर/प्रथम वर्ष के परीक्षा फार्म की महत्ता और गम्भीरता से भली-भांति अवगत कराने का कष्ट करें। ऐसे छात्र जो अपने प्रथम सेमेस्टर/प्रथम वर्ष का परीक्षा फार्म भरने अथवा सत्यापित कराने से वंचित रह जायेंगे का प्रवेश निरस्त मानते हुए उनको अगले सेमेस्टर/वर्ष की पढ़ाई में सम्मिलित न होने दें।

6-2024

परीक्षा नियंत्रक

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-**

01. प्राचार्य/प्राचार्या/विभागाध्यक्ष/निदेशक/समन्वयक, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान/विभाग, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ एवं चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
02. सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
03. वयैक्तिक सहायक, निदेशक (अकादमिक) को, निदेशक (अकादमिक) जी के सूचनार्थ।
04. वयैक्तिक सहायक, कुलसचिव को, कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
05. वयैक्तिक सहायक, परीक्षा नियंत्रक को, परीक्षा नियंत्रक जी के सूचनार्थ।
06. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, मेरठ को सूचनार्थ।
07. प्रवेश समन्वयक, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उपर्युक्त नियम प्रवेश नियमावली में यथा-स्थान समाहित करने का कष्ट करें, ताकि छात्रों को आरम्भ से ही इस नियम की जानकारी रहे।
08. उप कुलसचिव/प्रभारी (परीक्षा/गोपनीय/कम्प्यूटर सेंटर/रिजल्ट सेल)।
09. प्रभारी-कमैटी सेल/अति गोपनीय विभाग।
10. प्रभारी-विश्वविद्यालय वेबसाईट को इस आशय के साथ प्रेषित कि यह विज्ञप्ति विश्वविद्यालय वेबसाईट के Notification/Press Release के साथ-साथ Examination > Exam Rules टैब के अन्तर्गत प्रकाशित करने का कष्ट करें।
11. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता।

06/06

उप कुलसचिव (परीक्षा)